# ITL CELEBRATES HINDI DIWAS

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Title of the activity | हिंदी दिवस समारोह का आयोजन |
| 2. | Date of the activity | 6 सितंबर 2024 |
| 3. | Organized by | आई• टी• एल• पब्लिक स्कूल |
| 4. | Participated by | Students of Classes I - XII |
| 5. | Facilitators | Class Teachers and Coordinators |
| 6. | SDGs Incorporated | SDG 4 Quality Education |
| 7. | Description of the activity | **आचार की भाषा, विचार की भाषा, हिंदी मेरे राष्ट्र की भाषा।**<br>आई टी एल पब्लिक स्कूल में हर वर्ष हम **14** सितंबर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी भाषा उत्सव मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी हिंदी भाषा के महत्त्व से छात्रों को अवगत करवाने हेतु कक्षा प्रथम से पंचम तक के छात्रों ने अनेक गतिविधियों में भाग लिया ।कक्षा प्रथम के लिए **'पंचतंत्र की कहानियाँ'** गतिविधि आयोजित की गई ।जिसके अंतर्गत छात्रों ने सहायक सामग्री व पपेट आदि के द्वारा अन्य छात्रों को लघु शिक्षाप्रद कहानियाँ सुनाकर जीवन मूल्यों की सीख दी। कक्षा द्वितीय के छात्रों हेतु 'छोटे कवि कलाकार' गतिविधि आयोजित की गई।इसके अंतर्गत विभिन्न छात्रों ने सहायक सामग्री का प्रयोग करते हुए कविताओं का पाठ किया और हिंदी साहित्य में कविता की भूमिका व महत्व को समझा। कक्षा तृतीय के छात्रों ने **'हँसना ज़रूरी है'** के अंतर्गत हास्य कविताएँ सुनाकर अन्य छात्रों को गुदगुदाया। कक्षा चतुर्थ के लिए **'मुहावरों की चटपटी कहानी'** गतिविधि का आयोजन किया गया।छात्रों ने मुहावरों का प्रयोग करते हुए कहानी सुनाई व हिंदी भाषा में मुहावरों का महत्त्व जाना।कक्षा पंचम के छात्रों ने हिंदी दिवस की महत्ता छात्रों को बताने हेतु विभिन्न हिंदी भाषा के दिग्गज कवियों पर **'भित्ति पत्रिका'** का निर्माण किया।इस दिन हिंदी दिवस मनाते हुए छात्रों ने हिंदी भाषा के वैश्विक महत्व को भी जाना और यह प्रण लिया कि वे यथासंभव में अपनी मातृभाषा का शुद्ध प्रयोग करेंगे व इसके प्रयोग पर गर्व अनुभव करेंगे ।विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी आई• टी•एल• पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में **14** सितंबर **2024** को हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। हिंदी भाषा के सम्मान में हमारा विद्यालय अग्रणी रहा है।इस अवसर पर विद्यालय की सभी कक्षाओं में अनेक रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सभी छात्रों का उत्साह प्रशंसनीय रहा।कक्षा छठी के छात्रों ने अत्यंत ओजस्वी स्वर में **कविता पाठ** किया।विभिन्न कवियों की रचनाएँ प्रस्तुत की।कक्षा सातवीं के छात्रों ने **'दोहा गायन'** गतिविधि की।इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने सूर, कबीर और तुलसी के दोहों का सस्वर गायन प्रस्तुत किया।उनके स्वर के माधुर्य से सभी श्रोता मुग्ध हो गए थे।दोहों का अर्थ ओजपूर्ण शैली में बताया गया।कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने अत्यंत रोचक **'साखी गायन'** गतिविधि की थी।सधे हुए स्वरों के साथ साखियों का उच्चारण सभी को रोमांचित कर रहा था।छात्रों का उत्साह व परिश्रम उनके प्रदर्शन में परिलक्षित हो रहा था।कक्षा नौंवी से बारहवीं के विद्यार्थियों ने कहानी वाचन एवं **हिंदी की कहानी कविता की जुबानी** गतिविधियों के माध्यम से इस दिन को मनाया।<br>हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। |



हिन्दी
दिवस


हिन्दी
दिवस


हिन्दी दिवस


आप सभी को
हिंदी
दिवस


हिन्दी दिवस


ITL Public School
Observes
हिन्दी दिवस
14


हिन्दी दिवस




हिन्दी दिवस
आई. टी .एल पब्लिक स्कूल
हिन्दी दिवस कक्षा द्वितीय
PIC•COLLAGE


आई. टी .एल पब्लिक स्कूल
हिन्दी दिवस कक्षा प्रथम
PIC•COLLAGE